एक नजर में

पारिवारिक विवाद में चाकू मारा, घायल

नवभारत न्यूज, ब्यावरा 08 मार्च, का. समीपस्थ ग्राम मोया में पारिवारिक विवाद के चलते एक युवक पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है. युवक को गंभीर हालत में सिविल अस्पताल लाया गया, जहां से राजगढ़ रेफर किया. पुलिस ने मामले में दो सगे भाइयों के खिलाफ केस दर्ज किया है. देहात थाना प्रभारी प्रवीण जाट ने बताया कि मोया गांव निवासी रोडमल पुत्र रामलाल सेन (40) का परिवार में विवाद चल रहा था. शुक्रवार रात करीब 10 बजे विवाद बढ़ने पर परिवार के ही धर्मेंद्र सेन ने रोडमल को पकड़ लिया, जबकि उसके छोटे भाई श्याम सुंदर सेन ने चाकू से हमला कर दिया। हमले में गंभीर चोटें आई. सूचना मिलने पर डायल 112 की मदद से घायल को सिविल अस्पताल लाया गया. यहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. घटना में शामिल आरोपी धर्मेंद्र सेन को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि फरार आरोपी श्याम सुंदर सेन की तलाश की जा रही है.

पड़ाना में रामकथा

पडाना 08 मार्च, सं. गत माह जन सहयोग से पडाना नगर के प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर पर शिखर कलश स्थापित को लेकर श्रीराम पंचकुंडी महायज्ञ, सहित श्री राम कथा, का धार्मिक आयोजन किया गया था. शनिवार पंचकुडी यज्ञ का सवा महीना पूर्ण होने पर सवा महीना पूर्णाहुति समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस मौके पर पंडित राजू शर्मा द्वारा वैदिक मंत्र के पाठ उच्चारण के साथ ओम परमार, पवन पुष्पद, बंटी गुर्जर, हरिओम परमार, कमलेश परमार,सपत्नीक इत्यादि के द्वारा धार्मिक क्रियाएं करवा कर पूर्णाहुति करवाई गई. तत्पश्चात इच्छापूर्ति नगर खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर पहुचकर पूजा अर्चना की गई. तत्पश्चात कन्या भोज का आयोजन किया गया. इस मौके पर मनोज शर्मा,मोहन परमार,राधेश्याम शर्मा, नारायण परमार,गोविंद परमार,इत्यादि उपस्थित रहे. इस दौरान पंडित राजू शर्मा ने बताया कि यज्ञ के सवा महीना पूर्ण होने पर पूर्णाहुति धार्मिक क्रिया की जाती है. जिससे आत्मा शुद्धि .सुख समृद्धि. परिवार व समाज की मंगल कामना, एवं भगवान की कृपा प्राप्ति होती है.

परीक्षा समाप्ति पर हर्ष

पडाना 08 मार्च, सं. मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं कक्षा का अंतिम पेपर हिंदी विषय की परीक्षा समाप्त होने पर परीक्षार्थियों में खुशी का माहौल देखा गया. ऐसे में पडाना शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा केंद्र मैं केंद्र अध्यक्ष आरसी वर्मा, सहायक केंद्र अध्यक्ष सहदा बानो हाशमी, प्रेम सिंह मालवीय, एवं सहयोगी स्टाफ द्वारा सुव्यवस्थित अनुशासित एवं शांतिपूर्ण तरीके से केंद्र पर गोपनीयता एवं पारदर्शिता ओर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के साथ दसवीं की परीक्षा संपन्न हुई. शुक्रवार पडाना परीक्षा केंद्र में हिंदी विषय अंतिम पेपर में 393 परीक्षार्थियों में से 385 परीक्षार्थीयो ने उपस्थित दर्ज कराई. किसी भी कोई प्रकार का नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुआ. हिंदी विषय का अंतिम पेपर देकर बाहर निकले परीक्षार्थियों ने बताया कि पेपर बहुत सरल और सामान्य था. अब हम सूखे रंगों से रंग पंचमी खेलने का आनंद लेंगे और आगे की पढ़ाई जैसे 11वीं और 12 वीं की पढ़ाई अपने पसंदीदा विषय का चयन करके आगे की पढ़ाई जारी के साथ प्रवेश परीक्षा की तैयारी स्कील डेवलपमेंट पेमेंट के साथ कैरियर गाइडेंस पर ध्यान देंगे.

रंग-गुलाल की बौछारों से तरबतर हुए हुरियारे

नगर सहित जिले में हर्षोल्लास और शांतिपूर्ण तरीके से मनाई रंगपंचमीं, जीरापुर में कपड़ाफाड़ होली मची, निकली गेर, दिन भर हुई होली

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 08 मार्च, का. रंगों के पर्व रंगपंचमी पर नगर सहित जिले भर में जमकर रंग, गुलाल उड़ा. विभिन्न स्थानों पर निकाली गई गेर में हजारों की संख्या में हुरियारे शामिल हुए. नगर में निकली गेर मुख्य आकर्षण का केन्द्र रही. नरसिंहगढ़ में रियासतकालीन डोलचा मार होली की धूम रही.

होली की अपेक्षा जिले में रंगपंचमी पर अधिक रंग, गुलाल होता है. मुख्य रुप से इस दिन नगर, कस्बों, ग्रामीण क्षेत्रों में गेर निकाली जाती है. इस बार भी ब्यावरा, नरसिंहगढ़, राजगढ़, सारंगपुर, पचोर, सुठालिया सहित अन्य स्थानों पर गेर निकाली गई.

हुरियारों पर जमकर बरसा रंग

ब्यावरा में परंपरानुसार हिन्दु उत्सव समिति के तत्वावधान में विशाल गेर निकाली गई. मातामंड मोहल्ला स्थित शीतला माता मंदिर से पूजा-अर्चना के बाद गेर प्रारंभ हुई. नपा की दो फायर ब्रिगेड हुरियारों पर रंगों की बौछार कर रही थी. डीजे पर बज रहे होली के गीतों पर हुरियारें जमकर थिरके. सुठालिया रोड, मैन मार्केट, सुभाष चौक, जगात चौक, एसडीएम निवास से इंदौर नाका, अहिंसा द्वार, पीपल चौराहा से गेर चिंताहरण हनुमान मंदिर पहुंची जहां महाआरती के साथ गेर का समापन हुआ.

कपड़ा फाड़ होली भी देखने में आई

गेर के दौरान एवं मुख्य तौर पर पीपल चौराहा के यहां गेर के आते ही कपड़ा फाड़ होली शुरु हो गई. एक-दूसरे के कपड़े फाड़ने की होड़ सी लग गई. गेर में विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन, सामाजिक संगठनों के सदस्य, व्यापारी, गणमान्य नागरिक, युवा, बच्चे, वरिष्ठजन बड़ी संख्या में शामिल हुए. रंगपंचमी पर नगर में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा. पुलिस, प्रशासन के अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखे हुए थे. गेर के रास्ते पर काफी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहे.

रियासतकालीन डोलचा मार होली की रही धूम

नरसिंहगढ़ संवाददाता के अनुसार नगर में रियासतकाल से रंगपंचमी के दिन ठाकुरजी के विमान के साथ नगर में विशाल गेर निकाली जाती है. गेर में मुख्य आकर्षण का केन्द्र डोलचा मार होली होती है. हर बार की तरह इस बार भी मंदिर श्री धर्मशाला से पूजा-अर्चना, महाआरती पश्चात ठाकुरजी के विमान के साथ गेर प्रारंभ हुई. चौराहों पर डोलचा मार होली जमकर मची. युवाओं, बच्चों एवं बड़ो की टोलियां एक-दूसरे पर डोलचे में रंग भरकर मार रहे थे. एक नजर देखने से ही हर कोई अचंभित हो जाता है किंतु नगर में दशकों से डोलचा मार होली की परंपरा चली आ रही है जिसका वर्ष भर लोगों को बेसब्री से इंतजार रहता है. स्थान-स्थान पर विमान की पूजा-अर्चना कर आरती उतारी गई. गेर डा. शिवजी का चौक, दीनाजी का चौराहा, फूलबाग, चम्पी चौराहा, छतरी चौराहा, पुरानी नगर पालिका, कसेरा बाजार, शाजापुर वाला चौराहा, छारबाग, सुभाष चौक, पाण्डव चौराहा, बाराद्वारी, पाल रोड, थावरिया, बड़ा बाजार, सूरजपोल, रामकुण्ड होते हुए पुन: मंदिर पहुंची. चौराहों पर रंग, गुलाल से भरी टंकियों से हुरियारों पर रंग डाला जा रहा था. नपा की फायर ब्रिगेड रंगों की बौछार छोड़ते हुए चल रही थी. गेर में विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता, सामाजिक संगठनों के सदस्य, प्रबुद्धजन, गणमान्य नागरिक, युवा, बच्चे काफी संख्या शामिल हुए.

जीरापुर में जमकर मची कपड़ा फाड़ होली

नवभारत न्यूज, जीरापुर 08 मार्च, सं. नगर परिषद के तत्वाधान में रंगपांचमी का त्योहार नगर में हर्षोल्लास एवं सौहार्द से मनाया गया. इस दौरान कपड़ा फाड़ होली का खूब आनंद युवा वर्ग ने एक दुसरे पर रंग गुलाल लगाकर धूम मचाई. एक ओर रथ में विराजमान राधा कृष्ण की झांकी लोगों को आकर्षित कर रही थी वहीं दुसरी ओर नगर परिषद की फायर ब्रिगेड से पानी के फव्वारे युवा वर्ग को रंग गुलाल में रंगते आनंद भावविभोर कर रहे थे. अपनी अलग परंपरा को झलकाते हुए इन परंपराओं में से कहीं हटकर नगर की प्रसिद्ध गैर कपड़ा फाड़ होली का आंनद ही अलग नजर आता है. बड़ी संख्या में त्रयंम्बकेश्वर महादेव मंदिर शिव चौक से युवा वर्ग एक साथ झूमते गाते मुख्य मार्ग पर होली खेलते निकलते है .रामलीला चौक से सुबह गैर में युवकों की टोलियां डीजे की धुन और फाग गीतों पर खूब झूमे और थिरके. लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर गले मिलकर रंग पंचमी की बधाई दी. सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी आदित्य सोनी पुलिस बल के साथ पूरे क्षेत्र में भ्रमण करते रहे. थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रही. जुलूस में नगर परिषद कर्मचारी, पार्षद, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक सहित युवा वर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए.

मथुरा-वृंदावन की तर्ज पर राजमहल से शुरू हुआ रंग पंचमी उत्सव

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 08 मार्च, का. रविवार को शहर में रंग पंचमी का उत्सव हर साल की तरह इस बार भी मथुरा-वृंदावन की तर्ज पर रंगीन और भक्तिमय माहौल में मनाया गया। हिंदू उत्सव समिति द्वारा राजमहल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में राधा-कृष्ण का रूप धारण किए कलाकारों ने भजनों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया. बाद में गार्ड ऑफ ऑनर के साथ भगवान श्री लक्ष्मी कांत की अगवाई में पारंपिक गेर निकली. कलाकारों की जीवंत और भक्तिमय प्रस्तुति ने मंच और दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया. कार्यक्रम की विशेष आकर्षण फायर ब्रिगेड के माध्यम से उड़ाए गए रंग रहे. फायर ब्रिगेड से किए गए रंगों के स्प्रे और रंग-गुलाल की फुहार से पूरा परिसर उत्सवमय माहौल में रंग गया. कार्यक्रम में पुरुष, युवा, बच्चे और महिलाएं कलाकारों की ताल और रंगों के संगम में पूरी तरह सराबोर नजर आए. ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो मथुरा-वृंदावन की होली राजगढ़ में जीवंत हो उठी हो. कार्यक्रम के बाद शहर में हुरियारों की गैर का चल समारोह भी निकाला गया. रंग पंचमी के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा. थाना क्षेत्र में पुलिस बल की तैन जुलूसों के आगे-पीछे तथा दाएं-बाएं पुलिस जवान तैनात रहे. साथ ही पानी के टैंकर और डीजे गाड़ियों पर भी सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे.

ऑफिसर्स क्लब में मनी प्रशासन की होली, थिरके कलेक्टर

नवभारत न्यूज, राजगढ़ 08 मार्च, का. रंग पंचमी के अवसर पर शनिवार को राजगढ़ के अफसर्स क्लब में रंग, गुलाल और संगीत के बीच अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक त्योहार मनाया. कार्यक्रम की शुरुआत कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा ने अधिकारियों व कर्मचारियों को गुलाल लगाकर की. इसके बाद ढोल और फिल्मी गीतों की धुन पर कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी जमकर झूमे. कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी श्याम बाबू खरे ने गीत प्रस्तुत किए, जिन पर कलेक्टर मिश्रा ने भी डांस किया. इसी दौरान पुलिस अधीक्षक अमित सुरेश तोलानी भी अपनी धर्मपत्नी के साथ कार्यक्रम में पहुंचे और सभी को रंग पंचमी की शुभकामनाएं दीं. कलेक्टर और एसपी ने साथ में ये दोस्ती हम नहीं छोड़ेंगे गीत गाकर माहौल को और भी उत्साहपूर्ण बना दिया. जिला पंचायत सीईओ डॉक्टर इच्छित गढ़पाले ने भी गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में रंग भरे. एसडीएम श्रीमती निधि भरतद्वाज, खेल अधिकारी शर्मिला डाबर आदि उपस्थित थे. रंग, गुलाल और गीत-संगीत के बीच अफसर्स क्लब का माहौल देर तक उत्सवमय बना रहा.

घनश्याम सोनी की धर्मपत्नि का निधन

बड़े पुत्र आदित्य सोनी ने दी मुखाग्नि

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 08 मार्च, का. स्थानीय सर्राफा बाजार स्थित कॉपरेटिव बैंक के समीप रहने वाले स्वर्गीय घनश्याम सोनी संकत की धर्मपत्नी श्रीमती कल्पना सोनी का रविवार को देवलोकगमन हो गया. वह आदित्य सोनी (लल्ला) एवं कृष्णा सोनी (छोटू) की माताजी थी. स्थानीय मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार किया गया. जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों, समाज बंधुओं ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की.

गोपाल गुप्ता हलवाई का देवलोकगमन

नवभारत न्यूज, ब्यावरा 08 मार्च, का. नगर के श्री बिहारीजी मंदिर के समीप रहने वाले श्री गोपाल गुप्ता हलवाई का रविवार को देवलोकगन हो गया. वे कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे. वह तनु, मनीष के पिताजी थे. स्थानीय मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार किया गया जिसमें बड़ी संख्या में प्रबुद्धजनों, व्यापारियों, गणमान्य नागरिकों, समाज बंधुओं ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की.

बच्चों की लड़ाई पर दो गुट आपस में भिड़े, 8 लोगों पर केस दर्ज

पचोर 08 मार्च, सं. नगर में शनिवार देर शाम बच्चों के विवाद में एक ही समाज के दो गुटों में जमकर विवाद हुआ. घटना में मारपीट के बाद मामला थाने पहुंच गया. घटना देश शाम करीब 11 बजे की है. विवाद में दो लोगों के घायल होने की सूचना है. जिन्हें राजगढ़ रेफर किया गया. जानकारी के अनुसार, मोहल्ले में रहने वाले बच्चों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ. इसके बाद दोनों पक्षों के परिजन लाठी-डंडे लेकर आ गए और गाली-गलौज के साथ एक-दूसरे पर टूट पड़े. पचोर थाना इंचार्ज शकुंतला बामनिया ने बताया कि मुकेश जाटव की शिकायत पर महेंद्र, उदयसिंह, सतेंद्र और राजू जाटव के खिलाफ मामला दर्ज किया गया. वहीं, महेंद्र जाटव की शिकायत पर मुकेश, केशव उर्फ टीमटीम, निखिल और अस्मिता के खिलाफ भी प्रकरण दर्ज किया गया है. मारपीट में गंभीर रूप से घायल उदय सिंह और सतेंद्र जाटव को राजगढ़ रेफर किया गया. इसके अलावा तीन बच्चों सहित सात-आठ अन्य लोग मामूली रूप से घायल हुए, जिन्हें पचोर सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया.

पचोर, पड़ाना में हर्षोल्लास से मनाई रंगपंचमी

नवभारत न्यूज

पडाना 08 मार्च, स. होली का उत्सव पांच दिवसीय रंगों का त्यौहार को लेकर रविवार रंग पंचमी रंगों के त्यौहार के दिन हिंदू उत्सव समिति के तत्वाधान में परंपरागत गेर का आयोजन किया गया जो नगर के मां आशापुरी मंच गांधी चौक टेंपो स्टैंड से रविवार 12 बजे प्रारंभ होते हुए माली मोहल्ला हाटबाड़ी मंसूरी मस्जिद चौराहा एटीएम चौराहा जाटव मोहल्ला पटेल मोहल्ला परमार मोहल्ला शीतला माता चौराहा होते हुए दोपहर 1 बजे गांधी चौक टेंपो स्टैंड पहुंची.

इस दौरान परंपरागत गैर में हिंदू उत्सव समिति पूर्व जनपद सदस्य अध्यक्ष दिनेश परमार, पूर्व सरपंच यशवंत सिंह माली, कुंजीलाल परमार, महेश जाटव, अनिल पुष्पद, ओम परमार, मनोज पुष्पद, राजेश खाती, घनश्याम पाटीदार, सुधीर शर्मा, रितेश शर्मा, जितेंद्र परमार, जितेंद्र सक्सेना, रामबाबू कुंभकार, अजय महेश्वरी, सचिन गुप्ता, रोशन गुप्ता, जितेन पाटीदार, पुरुषोत्तम शर्मा, भावेश गुर्जर, योगेंद्र परमार सहित मां आशापुरी मित्र मंडल, पर्यावरण समिति, सिंगाजी ग्रुप मित्र मंडल सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण शामिल हुए. सीभी ने जमकर डोलचा मार होली एवं कपड़ा फाड़ होली का आनंद लिया. इस मौके पर पड़ाना पुलिस चौकी प्रभारी भंवर सिंह भूरिया सहित पुलिस बल निगरानी के लिए मुस्तैद रहा.

रंगपंचमी पर दिखा उत्साह, उमंग

पचोर 08 मार्च, सं. नगर में रंगपंमची का पर्व उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया. पारंपरिक रुप से गेर निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए. पुरानी पचोर स्थित श्री सीताराम जी मंदिर से गेर प्रारंभ हुई, आकर्षक झांकी साथ चल रही थी. फायर ब्रिगेड द्वारा रंग, गुलाल की बौछारे छोड़ी जा रही थी. प्रमुख मार्गो से होते हुए गेर थाने के सामने पहुंची जहां समापन हुआ. इस दौरान सांसद रोडमल नागर, राज्यमंत्री गौतम टेटवाल, नपं अध्यक्ष विकास करोड़िया, मंडल अध्यक्ष विकास दीक्षित, हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष मयंक सक्सेना, शहर कांगेस अध्यक्ष अमित बसंल सहित जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

उत्सव हिन्दू उत्सव समिति व आमजनों ने मिलकर विभिन्न आयोजन किए, कवि सम्मेलन आयोजित

विभिन्न आयोजनों के साथ सात दिवसीय रंगोत्सव का समापन

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 07 मार्च, सं. सात दिवसीय रंगारंग होली उत्सव में हिंदू उत्सव समिति द्वारा विशाल अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन स्थानीय बस स्टैंड पर शुक्रवार को किया गया. शुभारंभ मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री डॉक्टर गौतम टेटवाल एवं नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ ध्रुव भला मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद एवं उपस्थित सभी कविगण द्वारा मां सरस्वती का पूजन अर्चन और दीप प्रज्वल कर किया.

इस अवसर पर हिंदू उत्सव समिति द्वारा नगर के संगठन एवं समितियां जो नगर में उत्कृष्ट समाज सेवा का कार्य करती है. उनका सम्मान किया गया. सर्वप्रथम महादेव मित्र मंडल, पर्यावरण समिति, मुक्तिधाम चक्रतीर्थ समिति, भारत माता सेवा समिति, साईं सेवा समिति, तुलादान संस्था, व्यापारी संघ, गल्ला व्यापारी संघ, सर्राफा व्यापारी संघ,सब्जी मंडी संघ, किराना व्यापारी संघ,अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, एकता समिति, हरिहर मिलन समिति, सभी संस्थाओं के प्रमुख अधिकारी सदस्यों का हिंदू उत्सव समिति के समस्त सदस्यों द्वारा डॉक्टर ध्रुव भल्ला के नेतृत्व में केसरिया दुपट्टे द्वारा सम्मान किया. नई दिल्ली से हमारे बीच पधारी डॉक्टर प्रीति त्रिपाठी द्वारा सरस्वती वंदना कर कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया कार्यक्रम के सूत्रधार पंकज पलाश शाजापुर के द्वारा सजी यह कवियों की टोली का संचालन विख्यात कवि शशिकांत यादव देवास द्वारा किया गया हास्य कवि अर्जुन अल्हड़ कोटा नरेंद्र कायथा ने अपने काव्य पाठ से सबको हंसा हंसा कर लोटपोट किया. तो वही दिनेश देसी घी बेरछा ने अपनी पैरोडी एवं हास्य कविताओं से वातावरण को खुशनुमा बना दिया. इस श्रृंखला में औरैया उत्तर प्रदेश से ओय के हस्ताक्षर वीर रस के कवि अजय अंजाम में राणा प्रताप के व्यक्तित्व कृतित्व और चेतक की अपने स्वामी के प्रति वफादारी वह राणा प्रताप के शौर्य संघर्ष और वीरता को अपनी कविता के माध्यम से जो प्रस्तुत किया तो अब मैं चलता हूं राणा मेरे सिर पर हाथ फेर कर मुझे विदा करो ऐसी भाव भरी ओजस्वी कविता नसे लोगों की आंख नम हो गई.

श्रृंगार रस एवं नोक झोंक होली के गीत डॉक्टर प्रीति त्रिपाठी का रचना पाठ किया मंच संचालक शशिकांत यादव ने अपनी देशभक्ति से कविता से वातावरण में वंदे मातरम वह भारत माता की जय जयकार के साथ अपना रचना पाठ किया तो सूत्रधार पंकज पलाश ने अपनी शायरी और गीत के माध्यम से समा बांध दिया. इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ नंदकिशोर सोनी विष्णु प्रसाद जोशी लक्ष्मी नारायण त्रिकर नितेश वर्मा, निर्मल जैन, सकल पंच फुलमाली समाज अध्यक्ष शिवनारायण काका, जिला फुलमाली समाज सगठन अध्यक्ष संतोष पुष्पद,ओम पुष्पद रामनारायण टेटवाल, मुक्तिधाम समिति अध्यक्ष अनिल बारकिया, केएल वर्मा, अशोक साहू, वैभव पुष्पद, अनिल जैन, ईशांत मंगल, सतीश राठौर, सतीश गिरजे एवं नगर के प्रबुद्ध नागरिक एवं आसपास ग्रामीण क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे. कार्यक्रम का प्रारंभिक संचालन सुशील व्यास सारंग द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष संजय विजयवर्गी द्वारा किया गया.